इसलिए देश में परिवहन लागत का प्रश्न ही नहीं उठता । राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड, टेट्रापैक, एच० डी० पी० इ० तथा टिनपैक में धारा की बिक्री कर रहा है। कोई नई पैकिंग शुरू नहीं की गई है।

स्पंज आयरन इंडिया लिमिटेड

1862. **श्री राम जेठमलानी :** क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि "स्पंज आयरन इंडिया लिमिटेड" देश में लोहे का उत्पादन करता है ;

(ख) यदि हां, तो इस संस्थान द्वारा संचालित एककों को किन-किन स्थानों पर स्थापित किया गया है ;

(ग) इन एककों की वार्षिक उत्पादन क्षमता कितनी है और क्या विगत तीन वर्षों के दौरान इन एककों में अपनी क्षमता के अनरूप उत्पादन हुआ है ;

(घ) यदि नहीं, तो 1989-90 और 1990-91 के वर्षों के दौरान इन एककों की प्रतिष्ठापित क्षमता की तुलना में उत्पादन कितना कम हुआ और लागत मूल्य में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई है ?

इस्पात मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री संतोष मोहन देव) : स्पंज आयरन इंडिया लिमिटेड स्पंज लोहे का उत्पादन करता है ।

(ख) आन्ध्र प्रदेश के खम्मम जिले में पलोन्चा में कम्पनी का एक संयंत्र है।

(ग) संयंत्र का वार्षिक निर्धारित क्षमता 60,000 टन है । पिछले तीन वर्षों का वास्तविक उत्पादन निम्नलिखित है :—

1988-89	51,329 टन
1989-90	52,930 टन
1990-91	47,600 टन

(घ) वर्ष 1989-90 और 1990-91 के दौरान संयंत्र की निर्धारित क्षमता की तुलना में वास्तविक उत्पादन में आई गिरावट निम्नानुसार रही :—

1989-90	7,070 टन
1990-91	12,400 टन

निर्धारित क्षमता तक उत्पादन न होने के कारण उत्पादन लागत में वृद्धि की अनुमानित प्रतिशतता निम्नानुसार है ;

1989-90	4.9%
1990-91	9.2%

कृषि उत्पादन के लक्ष्य को हासिल करने में बाधाएं

1863. **श्री रणजीत सिंह :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में कृषि उत्पादन के लिये निर्धारित किये गये लक्ष्य को हासिल करने के मार्ग में कुछ बाधाएं वर्तमान में भी दिखाई दे रही हैं ;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या इन बाधाओं को दूर करने के लिये सरकार कोई प्रयास कर रही है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन) : (क) जी, नहीं।